अध्याय 2

वित्तीय विवरण–2

सीखने के उद्देश्य (Learning Objective) :–

इस पाठ का अध्ययन करने के पश्चात आप जान पायेंगे कि –

1. वित्तीय विवरण तैयार करते समय समायोजन (Adjustment) करने की क्या आवश्यकता है ।
2. अदत्त व्यय तथा पूर्वदत्त व्यय, उपार्जित आय तथा अग्रिम प्राप्त आय क्या है तथा इसका लेखांकन किस प्रकार होता है ।
3. ह्रास, डूबत ऋण, संदिग्ध ऋणो के लिये प्रावधान और देनदारों पर बट्टे के लिये प्रावधान का समायोजन किस प्रकार तथा क्यों किया जाता है ।
4. प्रबंधक को दिये जाने वाले कमीशन तथा पूँजी पर लगाये जाने वाले ब्याज की अवधारणा क्या है तथा इनके संबंध में लेखांकन किस प्रकार होता है ।
5. समायोजन सहित व्यापार खाता, लाभ–हानि खाता तथा स्थिति विवरण किस प्रकार तैयार करते है।
6. वित्तीय विवरणों का शीर्ष प्रस्तुतिकरण कर सकेगे ।

समायोजन एवं समायोजन प्रविष्टियाँ (Adjustments and Adjustment Entries)

लेखांकन का मुख्य उद्देश्य व्यापार से सम्बन्धित समस्त सूचनाओं को एकत्रित करके, उन्हें इस प्रकार प्रस्तुत करना है कि व्यापारी को अपने व्यापार से सम्बन्धित लाभ–हानि तथा आर्थिक स्थिति की सही–सही जानकारी प्राप्त हो सके । यह कार्य पूर्ण प्रकटीकरण की परम्परा के अन्तर्गत किया जाता है, ताकि व्यापार में रूचि रखने वाले समस्त पक्षकारों को आवश्यक सूचनाऐं सही सही प्राप्त हो जाय ।

व्यापार में व्यवहारों का लेखांकन दो आधारो पर किया जाता है । जिस आधार में केवल रोकड़ प्राप्तियों एवम् रोकड़ भुगतानों का लेखा किया जाता हे उसे रोकड़ आधार पर लेखांकन कहते हैं । परन्तु जिस आधार के अन्तर्गत आय और व्ययों के मिलान की अवधारण तथा निरन्तरता की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए लाभ–हानि एवम् आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए व्यवहारों का लेखांकन किया जाता है उसे उपार्जन आधार पर लेखांकन कहते है । इस आधार के अन्तर्गत जिस लेखा वर्ष से सम्बधित आय लेखों में लेखांकित होती है उससे सम्बन्धित व्यय भी लेखांकित होने चाहिये और जिस लेखा वर्ष से सम्बन्धित व्यय लेखों में लिखे गये है उनसे संबंधित आय भी लेखांकित हो जानी चाहिये । इस प्रकार लेखांकित आय से सम्बन्धित व्ययों एवम् हानियों तथा लेखांकित व्ययों एवम् हानियों से सम्बन्धित आयो का पूर्णतः लेखांकन न हुआ हो तो उन्हें ज्ञात कर उनका लेखांकन करना ही समायोजन हैं। इससे न केवल लेखांकन की अवधारणाओ एवम् परम्पराओं का पालन होगा बल्कि व्यवसास का लाभ–हानि खाता व्यापार की सही एवम् उचित लाभ की स्थिति तथा चिट्ठा व्यापार की सही एवम् उचित आर्थिक स्थिति का प्रदर्षन कर सकेंगें। अतः लेखांकन की अवधारणाओं एवम् परम्पराओं को ध्यान में रखते हुए अन्तिम खाते बनााने से पूर्व ज्ञात समायोजनो के लिए जो प्रविष्टियां की जाती हैं उन्हें समायोजन प्रविष्टियाँ कहते हैं ।

समायोजन प्रविष्टियाँ करने के पीछे मूल उद्देष्य यह होता कि लेखा वर्ष से सम्बन्धित समस्त आयों एवम् लाभों को लेखांकित कर दिया गया है चाहे वे प्राप्त हुए हों या नहीं तथा लेखावर्ष से सम्बंधित समस्त व्ययों एवम् हानियों को लेखांकित कर दिया गया है चाहे उनका भुगतान हुआ है या नहीं।

प्रमुख समायोजन निम्नलिखित हैं :–

1. वर्ष के अन्त का रहतिया (Stock at the end of the year)
2. बकाया तथा उपार्जित व्यय (Outstanding and Accrued expenses)
3. पूर्वदत्त व्यय (Prepaid Expenses)
4. उपार्जित आय तथा बकाया आय (Accrued Income and Outstanding Income)
5. अनुपार्जित आय (Unearned Income)
6. मूल्यह्रास (Depreciation)
7. डूबत एवम् संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन (Provision for Bad & Doubtful Debts)

8. देनदारो पर बट्टे के लिए आयोजन (Provision for Discount on Debtors)

9. प्रबन्धकीय पारिश्रमिक (Managerial Remuneration)

10. पूँजी पर ब्याज (Interest on Capital)

वर्ष के अन्त में रहतिया (Stock at the end of the Year) :

जो माल लेखा वर्ष के अन्त में व्यापार में (व्यापारी के गोदाम में) विद्यमान रहता है उसे वर्ष के अन्त का रहतिया कहते है । वर्ष के अन्तिम दिन व्यापार में विद्यमान रहतिया निम्नलिखित तीन रूपों में हो सकता है –

कच्ची सामग्री (Raw material)

अर्द्ध निर्मित माल (Semi Finished Goods)

निर्मित माल (Finished Goods)

वर्ष के अन्त में विद्यमान रहतिये का लेखांकन (Accounting of Stock at the end of the year) : इसका लेखांकन दो तरह से किया जाता है – (i) अंतिम खाते बनाने से पूर्व (ii) अंतिम खाते बनाते समय

(i) अंतिम खाते बनाने से पूर्व यदि लेखांकन किया जाय तो रहतिया क्रय में समायोजित हो जाता है और इसका नाम शेष चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाता है । इस दिशा में निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जाती है –

Stock A/c Dr.

To Purchase A/c

(Being stock at the end adjusted)

(ii) अतिंम खाते बनाते समय यदि इसका लेखांकन किया जाय तो इसे निमार्ण या व्यापार खाते के जमा पक्ष में तथा चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाया जाता है । इसके लिए निम्नलिखित समायोजन प्रविष्टि की जाती हैः–

Stock A/c Dr.

To Manufacturing / Trading A/c

(Being stock at the end adjusted)

यदि वर्ष के अन्त का रहतिया कच्चे माल या अर्द्ध निर्मित माल का हो तो वह निर्माण खाते में जमा होगा । अगले वर्ष यह रहतिया निर्माण या व्यापारिक खाते के नाम पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाता हैं।

2. अदत्त तथा उपार्जित व्यय (Outstanding & Accrued Expenses) :

ऐसे व्यय जिनका सम्बन्ध वर्तमान लेखा अवधि से होता है लेकिन इनका भुगतान इस लेखा अवधि में नहीं किया गया है तो ऐसे व्यय अदत्त तथा उपार्जित व्यय कहलाते हैं । लेखांकन की दृष्टि से ऐसे व्यय जो चालू लेखा अवधि से सम्बंधित तो है और उनका भुगतान इसी वर्ष में होना था परन्तु नहीं किया गया है तो वे व्यय बकाया व्यय कहलाते है। ऐसे व्यय जो चालू लेखा अवधि से सम्बंधित तो हैं परन्तु उनका भुगतान अगली अवधि में ही देय होगा तो ऐसे व्ययों को उपार्जित व्यय कहते हैं। कुछ विद्वान ऐसा वर्गीकरण न कर दोनो को बकाया व्यय ही कहते हैं। परन्तु ऐसा वर्गीकरण करके समझना विद्यार्थियो के लिए हितकर है। उदाहरणार्थः– राम ने रहीम से 5000 रू. का ऋण 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से लिया। इस पर ब्याज का भुगतान 30 जून ओर 31 दिसम्बर को किया जाता है । राम का लेखावर्ष 31 मार्च को समाप्त होता है । इस उदाहरण में यह मान लिया जाय कि 31 दिसम्बर को 6 माह का ब्याज का भुगतान राम ने 31 मार्च तक रहीम को नहीं किया है तो यह ब्याज 300 रू. अदत्त ब्याज (Outstanding Interest) माना जायेगा। चूंकि राम की बहियां 31 मार्च को बन्द होती है और अगला ब्याज देय (Due) ही 30 जून को होता है परन्तु 31 मार्च तक 3 माह का ब्याज ऐसा है जो लेखावर्ष 31 मार्च से सम्बधित तो है परन्तु उसका भुगतान करना देय (Due) नहीं हुआ है । अतः यह तीन माह (जनवरी से मार्च तक) का ब्याज 150 रू. उपार्जित ब्याज कहलायेगा न कि बकाया ब्याज। इसके लेखांकन के लिए निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जाती है –

Respective Expenses A/c Dr.

To Outstanding / Accrued Expenses A/c

(Being expenses due)

इस प्रविष्टि का प्रभाव यह होता है कि सम्बंधित व्यय की राशि इस राशि से बढ़ जाती है और बकाया / उपार्जित व्यय खाते का जमा शेष चिट्ठे के दायित्त्व पक्ष में दिखाया जाता है। यदि सम्बधित व्यय का खाता प्रत्यक्ष व्ययों से सम्बधित है (जैसे मजदूरी, क्रय पर गाड़ी भाड़ा, चूंगी या अन्य प्रत्यक्ष व्यय) तो वह व्यय व्यापार या निर्माण

खाते में सम्बन्धित व्यय की राशि में जुड़कर प्रदर्शित होगा और यदि वह व्यय अप्रत्यक्ष है (जैसे टेलीफोन व्यय, वेतन, बीमा व्यय या अन्य अप्रत्यक्ष व्यय) तो लाभ–हानि खाते में सम्बंधित व्यय की राशि में जुड़कर प्रदर्शित होगा।

यदि तलपट ऐसा समायोजन करने के बाद बनाया गया है तो सम्बंधित व्यय की राशि तलपट में समायोजन होने के पश्चात् ही आयी हैं । ऐसी दशा में वह सीधे ही निर्माण / व्यापारिक या लाभ–हानि खाता में लिख दी जायेगी । तलपट में विद्यमान बकाया / उपार्जित व्ययों का जमा का शेष भी सीधा चिट्ठे के दायित्त्व पक्ष में लिख दिया जायेगा । इन राशियों में और किसी प्रकार के परिवर्तन की (समायोजन की) आवश्यकता नहीं होगी

उदाहरण (Illustration) : 1

एक व्यापारी के तलपट में 31 मार्च 2010 को निम्न मदें दी गयी है । वेतन 250 ₹ मजदूरी 100 ₹ तलपट के बाद निम्न सूचनाऐं दी गयी है :–

अदत्त वेतन 150 ₹ एवं अदत्त मजदूरी 200 ₹

अदत्त व्ययों के समायोजन के लिए लेखा पुस्तकों में प्रविष्टियां कीजिये एवं 31 मार्च 2010 को तैयार किये जाने वाले अंतिम खातों में इन मदों को दिखाइये ।

Following item shown in a Trial Balance of Trader as on 31 March 2010

Salary ₹ 250 Wages ₹ 100.

Following information are given after Trial Balance: outstanding Salary ₹ 150 Wages Outstanding ₹ 200. Give adjustment entries for outstanding expenses and show in the Final account as on 31 March 2010

हल (Solution) :

Journal Proper

Date	Particulars	L.F.	Amount(Dr.) ₹	Amount(Cr.) ₹
31-03-2010	Salary A/c Dr. To Outstanding Salary A/c (Being Salary Outstanding)		150	150
31-03-2010	Wages A/c Dr. To Outstanding Wages A/c (Being wages outstanding)		200	200

Dr. Trading Account for the year ending 31st March 2010 Cr.

Particulars		Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Wages	100			
Add: Outsanding	200	300		

Profit and Loss Account for the year ending 31st March 2010

Particulars		Amounts ₹	Particulars	Amounts ₹
To Salary	250			
Add: Outsanding	150	400		

Balance Sheet as on 31st March 2010

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Outstanding Expenses				
Wages	200			
Salary	150	350		

3. पूर्वदत्त व्यय (Prepaid Expenses) :

ऐसे व्यय जिनका सम्बन्ध आगामी लेखा अवधि से है परन्तु उनका भुगतान चालू लेखा अवधि में कर दिया जाता हे तो ऐसे व्ययों के भुगतानों को पूर्वदत्त व्यय कहते हैं । इन व्ययों का लाभ भी आगामी अवधि में ही प्राप्त होगा इसलिए मिलान की अवधारणा का पालन करने के लिए अदत्त एवम् पूर्वदत्त व्ययों का समायोजन करना आवष्यक होता हैं । पूर्वदत्त व्ययों के लेखांकन के लिए निम्नलिखित समायोजन प्रविष्टि की जाती हैः–

Prepaid Respective Expenses A/c Dr

To Respective Expenses A/c

(Being expenses paid in Advancee)

इसका प्रभाव यह होता है कि सम्बंधित व्यय की राशि में से पूर्वदत्त व्यय की राशि कम हो जाती है । यदि व्यय व्यापार खाते / निर्माण खाते से सम्बंधित है (प्रत्यक्ष व्यय है) तो वहां यह राशि कम होने के पश्चात् शेष राशि ही सम्बंधित व्यय में लिखी जायेगी। पूर्वदत्त व्यय के खाते का नाम शेष चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दर्शाया जाता है ।

उदाहरण (Illustration) : 2

1 अक्टूबर 2010 को बीमा प्रीमियम की किस्त 1,000 रू. एक वर्ष के लिए चुकायी। 31 मार्च, 2011 को व्यापारी अपनी पुस्तकें बंद करता है । समायोजन प्रविष्टि दीजिये एवं अंतिम खातों में दिखाइये । (On 1st October 2010 Insurance Premium Rs.1000 paid for a year. Trader close his books on 31st March 2011. Give adjustment entry and show it in Final Account)

हल (Solution) :-

Journal

Date	Particulars	L.F.	Amount(Dr.) ₹	Amount(Cr.) ₹
2010 March 31	Prepaid Insurace Premium A/c Dr		500	
	To Insurance Premium A/c			500
	(Being Insurance Premium Paid in Advance)			
	Total		500	500

Profit and Loss Account for the year ending 31st March 2011

Dr. **Cr.**

Particulars		Amounts ₹	Particulars	Amounts ₹
To Insurance Premium	1000			
Less: Prepaid Ins. Pre.	500	500		

Balance Sheet as on 31st March 2010

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
		Prepaid Insurance Premium	500

4. उपार्जित आय तथा बकाया आय (Accured Income and Outstanding Income) :

ऐसी आय जो वर्तमान लेखा अवधि से सम्बंधित है परन्तु न तो प्राप्त होनी देय हुई है और न प्राप्त हुई है उसे उपार्जित आय कहते है। बकाया आय वह आय होती है जो वर्तमान लेखा अवधि से सम्बंधित हैं और प्राप्त होनी देय हो गई है परन्तु प्राप्त नही हुई है। उदाहरण के लिए एक व्यापारी ने 1,00,000 रू. के ऋणपत्र खरीद रखे हैं जिन पर 30 जून और 31 दिसम्बर को प्रति छः माही 12 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज मिलता है। व्यापारी की लेखा पुस्तकं 31 मार्च को बन्द होती हैं। व्यापारी को 31 दिसम्बर तक देय ब्याज 31 मार्च तक नहीं मिला। इस दशा में 31 दिसम्बर को देय ब्याज

(1,00,000 x 12/100 x 6/12) = 6000 रू अदत्त ब्याज है तथा 1 जनवरी से 31st मार्च तक का 3 माह का ब्याज (1,00,000 x 12/100 x 3/12) = 300 रूपये उपार्जित ब्याज है । इसके लेखांकन की जर्नल प्रविष्टि इस प्रकार होगी –

Accrued/Outstanding Income A/c Dr.
To Respective Income A/c
(Being income accured / outstanding but not yet received)

इस प्रविष्टि का प्रभाव यह होता है कि लाभ–हानि खातें में सम्बंधित आय इस राशि से बढ़कर लेखांकित होती है तथा उपार्जित/बकाया आय खाते का नाम शेष चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दर्शाया जाता है।

5. अनुपार्जित आय (Unearned Income or Income Received in Advancee)

ऐसी आय जो आने वाली या भावी लेखा अवधि से सम्बंधित है और चालू लेखा अवधि में ही प्राप्त हो जाती है तो यह चालू लेखा अवधि की आय न होने से चालू लेखा अवधि के लिए अनुपार्जित आय या आय की अग्रिम प्राप्ति कहलाती है। इसके लेखांकन के लिए निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जाती है –

Respective Income A/c Dr.
To Unearned Income A/c
(Being income relating to next year received in Advance)

इस प्रविष्टि का प्रभाव यह होता हे कि लाभ–हानि खाते में सम्बंधित आय इतनी राशि से कम होकर प्रदर्शित होती है तथा अनुपार्जित आय खाते का जमा का शेष चिट्ठे के दायित्त्व पक्ष में दिखाया जाता है।

उदाहरण (Illustration) : 3

एक व्यापारी के तलपट में निम्नलिखित मदें दी हुई है। (Following items appear in a Trial Balance of a Trader)

किराया प्राप्त (Rent Received) - Rs. 1500

कमीषन प्राप्त (Commission Received) - Rs. 1000

अन्य सूचनायें (Other Information) :

(1) किराया प्रतिमाह 100 रू. प्राप्त होता है (Rent Receivable@100 Per Month)

(2) अग्रिम कमीशन प्राप्त हुआ 200रू. (Commission Received in Advance Rs.200)

उपरोक्त सूचनाओं से समायोजन प्रविष्टियां बनाइयें एवं अंतिम खातो में दिखाइये। (From the above information make adjustment entries and show in Final Accounts)

Journal Proper

Date	Particulars	L.F.	Amount(Dr.) ₹	Amount (Cr.) ₹
31-03-2010	Rent A/c Dr. To Unearned Rent A/c (Being rent received in advance)		300	300
	Commission A/c Dr. To Unearned Commission A/c (Being Commission received in advance)		200	200
	Total		500	500

Profit and Loss Account for the year ending 31st March 2010

Dr. **Cr.**

Particulars	Amounts ₹	Particulars		Amounts ₹
		By Rent	1500	
		Less: Unearned Rent	300	1200
		By Commission	1000	
		Less: Unearned commission	200	800

Balance Sheet as on 31st March 2010

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Unearned Rent	300			
Unearned Commission	200	500		

6. मूल्यह्रास (Depreciation)

स्थायी सम्पत्ति ये व्यापार में प्रयोग करने के लिए खरीदी जाती है जो व्यवसाय के लाभार्जन में सहायक होती हैं और इन सम्पत्तियो के उपयोग करने से उनके जीवनकाल एवम् मूल्य दोनों में कमी होना स्वाभाविक है। इसके अलावा समय बीतने (व्यतीत होने) के साथ–साथ, नई नई तकनिको का भी विकास होता है। जिसके कारण इसके मूल्य में कमी होना स्वाभाविक होता हैं। इस कमी की राशि को ही मूल्यह्रास कहते है। यह व्यापारी के लिए हानि है। इसलिए जब तक लेखावर्ष से सम्बंधित समस्त हानियों का लेखा न हो जाय व्यापार का लाभ–हानि खाता सही लाभ की और चिट्ठा सही आर्थिक स्थिति की जानकारी नहीं दे पायेगा। ह्रास के लेखांकन के लिए निम्नलिखित प्रविष्टि की जाती हैं :–

Depreciation A/c Dr.
To Respective Assets A/c
(Being depreciation charged)

इसका प्रभाव यह होता है कि ह्रास लाभ–हानि खाते के नाम पक्ष में लिखा जाता है और स्थायी सम्पत्तियो का मूल्य इस ह्रास की राशि से कम करके शेष राशि चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दर्शायी जाती है। यदि यह समायोजन करने के बाद का तलपट दिया हो तो तलपट में लिखे मूल्यह्रास के नाम शेष को लाभ–हानि खाते में तथा सम्बंधित सम्पत्ति खाते के नाम शेष को चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में प्रदर्शित किया जायेगा।

उदाहरण (Illustration) : 4

निम्नलिखित सम्पत्तिया एक व्यापारी के तलपट में दिखायी गयी हैं
(Following assets are shown in the Trail Balance of a Trader)
भवन (Building) Rs.13,000, मषीनरी (Machinery) Rs. 5,000, फर्नीचर (Furniture) Rs. 1,000
सूचनायें (Informations):-
1. भवन पर 10% प्रतिवर्ष मूल्यह्रास लगाइये। (Provide depreciation on Building @ 10% per annum)
2. मशीनरी एवं फर्नीचर पर 15% प्रतिवर्ष मूल्यह्रास लगाइये। (Provide depreciation @ 15% p.a. on machinery & furniture)
आवश्यक समायोजन प्रविष्टियाँ कीजिये एवं इन्हे अंतिम खातों में बताइये (Make necessary adjustment entries and show them in Final Account)

हल (Solution) :

Journal Proper

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.) ₹	Amount (Cr.) ₹
	Depreciation A/c Dr. To Building A/c (Being depreciation charged on Building @10% per annum)		1300	1300

	Depreciation A/c Dr. To Machinery A/c To Furniture A/c (Being depreciation charged on Machinery & Furniture @ 15% per annum.)		900	 750 150

Dr. Profit and Loss Account for the year ending…… Cr.

Particulars			Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Depreciation on :		Rs.			
Building	-	1300			
Machinery	-	750			
Furniture	-	150	2200		

Balance Sheet as on ……..

Liabilities	Amount ₹	Assets		Amount ₹
		Building	13,000	
		Less: Depreciation	1,300	11,700
		Machinery	5,000	
		Less: Depreciation	750	4,250
		Furniture	1,000	
		Less: Depreciation	150	850

7. डूबत ऋण (Bad Debts)

जिन व्यक्तियों को व्यापारी उधार माल बेचता है उन्हे ग्राहक या ऋणी कहते है। उनमें से अधिकांश व्यापारी समय पर भुगतान कर देते हैं। लेकिन कुछ व्यापारी समय पर भुगतान नहीं कर पाते जो व्यापार बन्द करके स्वयं लापता हो जाते हैं। कुछ व्यापारी स्वयं को दिवालिया घोषित करने के लिए आवेदन कर देते है। इन व्यापारियो सें काफी तकादा करने के बाद भी भुगतान प्राप्त नहीं होता उन्हें हम डूबतऋण कहते हैं। इसकी निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जाती हैः–

Bad Debts A/c Dr.
To Debtors A/c
(Being bad debts written off)

8. संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन (Provision for doubtful debts)

जिन व्यक्तियों को व्यापारी उधार माल बेचता है उन्हें ग्राहक या ऋणी कहते है। इनके द्वारा यदि निर्धारित अवधि में भुगतान कर दिया जाता है तो इनके लिए व्यापारी को किसी प्रकार का प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं होती। वर्तमान समय में अधिकांष व्यापार उधार पर निर्भर है और जिन्हें व्यापारी उधार माल बेचता है उनमें से अधिकांश व्यापारी समय पर भुगतान कर देते हैं परन्तु कुछ व्यापारी ऐसे भी होते हैं जो व्यापार बन्द करके स्वयं लापता हो जाते हैं या कुछ व्यापारी स्वयं को दिवालिया घोषित करने के लिए आवेदन कर देते हैं। अतः जिन व्यापारियों से राशि वसूल होने की बिल्कुल संभावना न हो उनको डूबतऋण मान लिया जाता है परन्तु जिन ऋणों से कुछ वसूल होने की संभावना हो उनके लिए व्यापारी डूबत एवम् संदिग्ध ऋणों के रूप में प्रावधान बनाना उचित समझता है। इसका प्रभाव यह होता है कि लाभ–हानि खाते द्वारा सही लाभ की स्थिति प्रदर्शित की जाती है और चिट्ठा भी सही आर्थिक स्थिति प्रदर्शित करता हैं। ऐसा आयोजन करने के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि सर्वप्रथम उन देनदारों का पता लगाया जाय जो संदिग्ध है तथा उनकी आर्थिक स्थिति कैसी है। इस आधार पर ही उनसे प्राप्त होने वाली राषि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। व्यवहार में ऐसा जानना कठिन होता है इसलिए गत वर्षो के अनुभव के आधार पर कुल देनदारों के एक निश्चित प्रतिशत तक प्रावधान कर लिया जाता है। चूंकि मिलान अवधारणा तथा

सुदृढ लेखा नीतियों के अनुसार जिस वर्ष आय लेखांकित हो उस वर्ष से सम्बंधित खर्चे एवम् हानियां भी उसी वर्ष में लेखांकित हो जाने चाहिये। डूबत ऋण एवम् इनका प्रावधान भी एक हानि है और सम्बंधित विक्रय वाले वर्ष में ही इन हानियों का प्रावधान कर लिया जाना चाहिये। इसके लिए निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जाती है –

(i). संदिग्ध ऋणों के लिए –

Profit & Loss A/c Dr.

To Provision for Bad & Doubtful Debtors A/c

(Being amount provided for doubtful debtors)

(ii). राशि डूबने पर –

Bad Debts A/c Dr.

To Debtors A/c

(Being bad debts written off)

यदि व्यापारी द्वारा पिछले वर्षों में डूबत या संदिग्ध ऋणों के लिए आयोजन नहीं किया गया हो और चालू वर्ष में राशि डूब जाये तो ऐसी दशा में उपरोक्त (ii) प्रविष्टि कर दी जाती है और वर्ष के अन्त में डूबत ऋण खाते के शेष लाभ–हानि खाते में हस्तान्तरित कर दिया जाता है परन्तु यदि व्यापारी द्वारा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान किया गया है तो डूबत ऋण होने पर उपरोक्त (ii) प्रविष्टि करने के पश्चात् डूबत ऋण को संदिग्ध ऋण प्रावधान खाते में निम्नलिखित प्रविष्टि द्वारा हस्तांतरित कर दिया जाता है ।

(iii) डूबत ऋण का हस्तांतरण करने पर –

Provision for Doubtful Debts A/c Dr.

To Bad Debts A/c

(Being Bad Debts account transferred)

यदि इस डूबत ऋण की राषि संदिग्ध ऋण प्रावधान खाते में विद्यमान शेष से अधिक भी है तो भी उसे इसी खाते में हस्तान्तरित किया जाता है और वर्ष के अन्त में जितने प्रावधान की आवश्यकता हो वह राशि तथा गतवर्षो के प्रावधान पर डूबत ऋणो के अपलेखन का जो आधिक्य हो उनका योग लाभ–हानि खाते में उपरोक्त प्रविष्टि (i) के द्वारा लिखा जायेगा। यदि वर्ष के प्रारम्भ में संदिग्ध ऋणों के प्रावधान की राषि से भी कम राशि की चालू वर्ष डूबत ऋण तथा संदिग्ध ऋणो के लिए प्रावधान की आवश्यकता हो तो अन्तर की राशि निम्नलिखित प्रविष्टि द्वारा लाभ–हानि खाते में हस्तांतरित कर दी जायेगी–

(iv) प्रावधान के आधिक्य को हस्तांतरित करने पर –

Provision for Doubtful Debts A/c Dr.

To Profit and Loss A/c

(Being excessive provision of doubtful debts transferred)

(v) यदि गतवर्षो में अपलिखित किये गये डूबत ऋणों की चालूवर्ष में वसूली हो जाय तो उनके लिए निम्नलिखित प्रविष्टि की जाती है:–

Cash / Bank A/c Dr.

To Bad Debts Receovered A/c

(Being bad debts receovered)

प्राप्त डूबतऋण खाते को वर्ष के अन्त में निम्नलिखित प्रविष्टि द्वारा लाभ–हानि खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है –

Bad Debts Recovered A/c Dr.

To Profit and Loss A/c

(Being bad debts recovered transferred)

परीक्षा प्रश्नपत्रों में परीक्षक विद्याथ्रियों की भाषा सम्बंधी निपुणता जाँचने की दृष्टि से कुछ तकनीकी शब्दावली काम में ले लेता है। ऐसी स्थिति में देनदारो पर बनाये जाने वाले संदिग्ध ऋण प्रावधान का सीधा–सीधा प्रतिशत न देकर इस प्रावधान को उस प्रतिशत से बढाने या तक बढ़ाने जैसे शब्द काम मे ले लेता है। ऐसे शब्दो से भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं हैं। यहां "से बढ़ाने" (Increased by) का अभिप्राय उस प्रतिशत के बराबर राशि चालू

वर्ष के अंत में लाभ–हानि खाते में से डूबत एवम् संदिग्ध ऋण प्रावधान खाते में हस्तान्तरित करने से है । इसी प्रकार तक बढाने से आशय इस प्रावधान खाते का शेष उस प्रतिशत के बराबर रखने से है और अन्तर की राशि लाभ–हानि खाते से इस आयोजन खाते में हस्तांतरित करनी होती हैं। इस समायोजन का अंतिम खातो पर यह प्रभाव होता है कि प्रावधान बनाया जाता हैं उसे लाभ–हानि खाते के नाम पक्ष में प्रदर्शित किया जाता है तथा चिट्ठा बनाते समय इस प्रावधान को चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाये जाने वाले देनदारों में से घटाकर प्रदर्शित किया जाता है।

यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि यदि डूबत ऋण तलपट में दिये हो तब तो उनका उपर्युक्त परिस्थितियों के अनुसार लेखा हो जायेगा परन्तु तलपट के बाद यह लिखा हो कि देनदारों में से अमुक राशि और अपलिखित करनी है तो पहले उसका लेखांकन किया जायेगा और उसके बाद शेष बचे देनदारों पर ही संदिग्ध ऋणो के लिए आयोजन बनाया जायेगा।

उदाहरण (Illustration) : 5

31 मार्च 2010 को व्यापारी के तलपट में देनदार 1200 रू. के थे। वर्ष के प्रारम्भ में डूबत ऋण एंव संदिग्ध ऋण खाते का शेष 35 ₹ था वर्ष में 50 ₹ डूबत ऋण अपलिखित किये गये। व्यवसायी देनदारो पर 5% की दर से डूबत एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान बनाता है। उक्त समायोजन के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टि कीजिये, खाता बही में खतौनी एवं अंतिम खातों में दिखाइये।

(On 31st March 2010 The Trial Balance of a Trader show Debtors amounting to ₹ 1200 and at the beginning of the year, the balance of bad and doubtful debts ₹ 35. during the year bad debts writtenoff amounting to ₹ 50. The trader creates a provison for bad and doubtful debts 5% on debtors. Make necessary journal entry for above adjustment, post them into ledger and show them in final accounts)

हल (Solution) :

Journal proper

Date	Particulars	L.F.	Amount ₹ (Dr.)	Amount ₹ (Cr.)
31-03-2010	Provision for Bad and Doubtful Debts A/c Dr. To Bad Debts A/c (Being Bad Debts transfer to Provision for Bad and Doubtful debts account)		50	50
31-03-2010	Profit and Loss A/c Dr. To Pro. For Bad and Doubtful Debts A/c (Being new Provision made)		75	75

Bad Debts Account

Date	Particulars	L.F.	Amount ₹	Date	Particulars	L.F.	Amount ₹
31-03-10	To sundry Deb. A/c		50	31-03-10	By Prov. For Bad and Doubtful Debts A/c		50
			50				50

Provision for Bad and Doubtful Debts Account

Date	Particulars	L.F.	Amount ₹	Date	Particulars	L.F.	Amount ₹
31-03-10	To Baddebts A/c		50	01-01-10	By Balance b/d		35
	To Balance c/d		60	31-03-10	By P&L A/c		75
			110				110

Profit and Loss Account for the year ending 31 March 2010

Particulars	Amount ₹	Particulars	Amount ₹

To Provison for Bad and Doubtful Debt				
Or	₹			
To Bad Debts	50			
Add: New Prov. For Bad&doubtful Debts	60			
	110			
Less : Old Provision	35	75		

Balance Sheet ason 31 March 2010

Liabilites	Amount ₹	Assets		Amount ₹
		Debtors	1200	
		Less: New Provision	60	1140

उदाहरण (Illustration) : 6

एक जनवरी 2010 को भोपाल एण्ड कम्पनी के निम्नलिखित शेष थे – विविध देनदार 6000 ₹. तथा डूबत एवं संदिग्ध ऋण प्रावधान 300 ₹, 31 दिसम्बर 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में भोपाल एण्ड कम्पनी ने 1 लाख 50 हजार ₹ का उधार माल बेचा । देनदारो ने 500 ₹. का माल लौटाया । देनदारो से 1लाख 20 हजार ₹ रोकड़ प्राप्त हुए । इन्हे 200 रू. का बट्टा दिया । इनसे 20 हजार की स्वीकृतियां प्राप्त हुई तथा फर्म देनदारो से 500 ₹. वसूल नहीं कर सकी। 31 दिसम्बर 2010 को देनदारो पर 5 प्रतिशत संदिग्ध ऋणो के प्रावधान करने का निश्चय किया। आप भोपाल एण्ड कम्पनी की बहियो में विविध देनदार खाता तथा संदिग्ध ऋण प्रावधान खाता बनाइये।

On 1st Jan 2010, Bhopal & co. had the following Balance Sundry Debtos Rs.6000 and Provision for Doubtful Debts ₹ 300. During the year ended 31st Dec. 2010. Bhopal & co. sold goods on Credit amounting to ₹ 1,50,000. During the year, Debtors returned goods valuing ₹ 500 Collected from Debtors in Cash ₹ 1,20,000 allowed them discount ₹ 200 and received from them acceptance amounting to ₹ 20,000. The firm could not collect ₹ 500 from the Debtors and decided to create a provision for Doubtful Debts @5% on Debtors on 31st December 2010. You are required to show the Sundry Debtors Account and Provision for Doubtful Debts Account in the Books of Bhopal & Company.

हल (Solution) :

Dr. Sundry Debtors Account Cr.

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
2010			2010		
1 Jan.	To Balance b/d	6,000	1st Jan to 31st Dec.	By Sales Return A/c	500
1st Jan to 31st Dec.	To Sales a/c	1,50,000	1st Jan to 31st Dec	By Cash A/c	1,20,000
			1st Jan to 31st Dec	By Discount A/c	200
			1st Jan to 31st Dec	By B/R A/c	20,000
			1st Jan to 31st Dec	By Bad Debts A/c	500
			1st Jan to 31st Dec	Balance c/d	14,800
		1,56,000			1,56,000

Dr. **Provision for Doubtful Debts Account** **Cr.**

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
2010			2010		
31 Dec.	To Bad debts A/c	500	1 Jan.	By Balance b/d	300
31Dec.	To Balance c/d	740	31 Dec.	By P & L A/c	940
	(5% on 1,48,000)	1,240			1,240
			1 Jan.2011	By Balance b/d	740

उदाहरण (Illustration) : 7

एक व्यापारी के तलपट में निम्न सूचनाऐ दी गयी है। (The following information are given in a Trial Balance of a Trader)

संदिग्ध ऋण के लिए आयोजन (1 जनवरी 2010) 8000
(Provision for Doubtufl Debts on 1 Jan. 2010)

डूबतऋण (Bad Debts) 4000

डूबतऋण वसूली (Bad Debts recovered) 500

देनदार (अच्छे देनदार 10,000 रू. सहित) 51000
(Debtors including good debtors Rs. 10,000)

अन्य सूचनाये (Other Information) :

1000 रू'. अतिरिक्त डूबतऋण लिखिए। संदिग्ध ऋण के लिए संदिग्ध देनदारो पर 5% की दर से आयोजन बनाइए। (Write of further bad debts Rs.1000 make provision for doubtful debts @ 5% on doubtful debts) उपयुक्त मदो के लिए आवश्यक समायोजन जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए एवं संदिग्ध ऋण आयोजन खाता बनाइए। (विवरण आवष्यक नहीं) (Pass Adjustment journal entries and prepare provision for Doubtful Debts Account for the above item (Narration is not needed)

(मा.शि.बोर्ड, राज. 2002)

हल (Solution) :

Journal Proper

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.) ₹	Amount (Cr.) ₹
31-12-2010	Bad Debts A/c Dr.		1,000	
	To Debtors A/c			1,000
31-12-2010	Bad Debts Recovered A/c Dr.		500	
	To P & L A/c			500
31-12-2010	Provision for Doubtful Deb. A/c Dr.		5,000	
	To Bad Debts A/c			5,000
31-12-2010	Provision for Doubtful Debts A/c Dr.		1,000	
	To P & L A/c			1,000

नोट :– यदि डूबतऋण वसूली को संदिग्ध ऋण प्राावधान खाते में हस्तांतरित किया जाय तो भी लाभ हानि खाते पर एक जैसा प्रभाव ही पड़ेगा। चिट्ठा बनाते समय देनदारो में से संदिग्ध ऋण प्रावधान खाते का शेष ही घटाया जाता है, लाभ हानि खाते में लिखी गई राषि नही।

Provision for Doubtful Debts Account

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
31-12-2001	To Bad Debts A/c	5,000	01-01-2001	By Balance b/d	8,000
31-12-2001	To P & L A/c (B/F)	1,000			
31-12-2001	To Balance (C/d)	2,000			
		8,000			8,000
			01-01-2002	By Balance (bd)	2,000

नोट – कुल देनदार 51,000 ₹ के हैं। इसमे से 10,000 ₹ के देनदार अच्छे है जिन पर प्रावधान बनाने की आवश्यकता नही हैं तथा 1,000 ₹ अतिरिक्त डूबतऋण के अपलिखित किये हैं। अतः शेष देनदारों 51,000–10,000–1,000) = 40000 रू. पर 5% प्रावधान 2,000 रू. का बनाया गया है।

उदाहरण (Illustration) : 8

1 जनवरी, 2010 को मैसर्स एक्स कम्पनी के पास डूबतऋण प्रावधान 1200 ₹ था। वर्ष 2010 में डूबत ऋण 200 ₹ के थे। 31 दिसम्बर 2010 को देनदार 25000 के थे। व्यापारी द्वारा डूबतऋण के लिए 5% के बराबर प्रावधान रखा जाता है। अब 2011 तथा 2012 के लिए डूबतऋण क्रमशः 1400 रू. तथा 500 रू. के थे। 31 दिसम्बर, 2011 तथा 2012 को देनदार क्रमशः 30,000 तथा 15,000 ₹ के थे। एक्स एण्ड कम्पनी की बहियो में आवश्यक खाते बनाइये तथा इन्हे वर्ष 2010 से 2012 के लाभ–हानि खातो तथा चिट्ठो में किस प्रकार दर्शाया जायेगा।

(On 01-01-2010 M/s X & Co. has Provision for Bad Debts of ₹ 1200. The bad debts during the year 200 amounting to ₹ 200. The Debtors as at 31.12.2010 were 25000. Provision for Bad Debts @ 5% is maintained by Business. Bad Debts during 2011 and 2012 were ₹ 1400 and Rs.500 respectively. The Sundry Debtors as at 31.12.2011 and 31.12.2012 were Rs.30000 and Rs.15000 respectively).

Prepare necessary Ledger Accounts in the books of M/s X & Co. also show now these would appear in the Profit and Loss Account and Balance Sheet for the year 2011 to 2012.

हल (Solution) :

Dr. **Provision for Doubtful Debts Account** **Cr.**

Date	Particulars	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
31 Dec. 2010	To Bad debts A/c	200	1 Jan. 2010	By Balance b/d	1,200
31 Dec. 2010	To Balance c/d	1250	31 Dec. 2010	By P & L A/c	250
		1,450			1,450
31 Dec.2011	To Bad debts A/c	1,400	1 Jan.2011	By Balance b/d	1250
31 Dec. 2011	To Balance c/d	1,500	31 Dec. 2011	By P&L a/c (b/f)	1650
		2,900			2,900
31 Dec. 2012	To Bad debts A/c	500	1 Jan. 2012	By Balance b/d	1,500
31 Dec. 2012	To P&L a/c (b/f)	250			
31 Dec. 2012	To Balance c/d	750			
		1,500			1,500
				By Balance b/d	750

Profit and Loss Account for the Year ending 31-Dec.2010

Particulars		Amount ₹	Paritculars	Amount ₹
To Bad Debts	200			
Add: New Provision for Bad Debts	1250			
	1450			
Less: Old Provision	1200	250		

Profit and Loss Account for the Year ending 31-Dec.2011

Particulars		Amount ₹	Paritculars	Amount ₹
To Bad Debts	1,400			
Add: New Provision for Bad Debts	1,500			
	2,900			
Less: Old Provision	1,250	1650		

Profit and Loss Account for the Year ending 31-Dec.2012

Particulars	Amount ₹	Paritculars		Amount ₹
		By Provision for Bad debts	1,500	
		Less: Bad debts	500	
		Less : New Provision	750	
			1,250	250

Balance Sheet ason 31 March 2010

Liabilites	Amount ₹	Assets		Amount ₹
		Debtors	25,000	
		Less: Provision for Baddebts	1,250	23,750

Balance Sheet ason 31 March 2011

Liabilites	Amount ₹	Assets		Amount ₹
		Debtors	30,000	
		Less: Provision for Baddebts	1,500	28,500

Balance Sheet ason 31 March 2012

Liabilites	Amount ₹	Assets		Amount ₹
		Debtors	15,000	
		Less: Provision for Baddebts	750	14,250

8. देनदारो पर बट्टे के लिए आयोजन (Provision for Discount on Debtors)

व्यापारी द्वारा उधार बेचे गये माल का भुगतान जल्दी प्राप्त करने के दृष्टि से देनदारों को नकद बट्टा प्रदान दिया जाता है। यह बट्टा व्यापार के लिए हानि होता है। यह बट्टा देनदारों को उसी स्थिति में प्रदान किया जाता है जबकि वे व्यापारी द्वारा निर्धारित अवधि में भुगतान कर दे। अतः वर्ष के अन्त में जितने भी देनदार होते है उनमें से कुछ देनदार ऐसे भी हो सकते है। जिनके भुगतान करने की निर्धारित तिथि अगले लेखा वर्ष में आयेगी। अतः ऐसे देनदारो को दिये जाने वाले बट्टे का प्रावधान न बनाया जाय तो इस वर्ष से सम्बंधित आय की हानि इसी वर्ष में न लेखांकित होने से लाभ–हानि खाता व्यापार की सही लाभ की स्थिति तथा चिट्ठा व्यापार की सही आर्थिक स्थिति प्रदर्षित नहीं करेगा।

इसका लेखांकन निम्नलिखित प्रकार किया जाता है–

(1) देनदारो को बट्टा देने पर :–

Discount A/c Dr.
To Debtors A/c
(Being discount allowed to debtors)

(2) देनदारो पर बट्टे के लिए आयोजन बनाने पर :–

Profit and Loss A/c Dr.
To Provision for Discount on Debtors A/c
(Being provision for discount made)

यदि गतवर्ष का बट्टा आयोजन खाते का शेष है तब तो चालू वर्ष में देनदारों को दिया गया बट्टा देनदारो पर बट्टे का आयोजन खाते में हस्तांरित कर दिया जायेगा परन्तु इस आयोजन का शेष न होने की दशा में चालू वर्ष में देनदारों को दिया गया बट्टा लाभ–हानि खाते में हस्तांतरित कर दिया जायेगा। इसके लिए निम्नलिखित लेखा प्रविष्टियां की जाती हैं:–

(3) बट्टे खाते को देनदारों पर बट्टा आयोजन खाते में हस्तांतरित करने पर :

Provision for Discount on Debtors A/c Dr.
To Discount A/c
(Being discount transferred)

(4) यदि पिछले वर्ष में बट्टा का आयोजन बना हुआ न हो:–

Profit and Loss A/c Dr.
To Discount Ac/
(Being discount transferred)

यदि बट्टा आयोजन खातो का प्रारंभिक शेष इतनी अधिक राषि का हो कि चालू वर्ष मं दिया गया बट्टा तथा चालू वर्ष के अन्त में आवश्यक देनदारो पर बट्टा आयोजन की राशि से भी वह अधिक हो तो उसे लाभ–हानि खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है। इसके लिए निम्नलिखित लेखांकन किया जाता है

(5) बट्टा आयोजन खाते का अधिक शेष होने पर उसका लाभ–हानि खाते में हस्तांतरण:–

Provision for Discount on Debtors A/c Dr.
To Profit and Loss A/c
(Being excessive Provision transferred)

यह स्थिति उसी दशा में उत्पन्न होती है जबकि गतवर्ष के देनदार समय पर भुगतान न कर सकते हो जिससे उन्हें बट्टा नहीं दिया गया हो और चालूवर्ष के अन्त में ऐसे देनदार बहुत कम हो जिन्हे निर्धारित समय सीमा में भुगतान करने पर बट्टा दिया जाता है। देनदारो पर बट्टे के आयोजन की राशि ज्ञात करते समय ध्याान देने योग्य बात है कि यदि तलपट के नीचे अन्य सूचनाओं में देनदारों में और धनराशि डूबने तथा संदिग्ध ऋणो के लिए शेष देनदारों (कुल देनदारो) में से अन्य सूचनाओ में लिखाी डूबत ऋण की राशि घटाने के बाद शेष देनदारों पर आयोजन करने का लिखा हो तो तलपट में दिये गये देनदारों मे से यह डूबत ऋण आयोजन की राशि घटाने केबाद जो देनदार बचेंगे उन पर ही बट्टे के लिए प्रावधान किया जायेगा। बट्टे के प्रावधान का समायोजन एक तरफ लाभ–हानि खाते के नाम पक्ष में किया जायेगा। तथा दूसरा चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में देनदारो में से संदिग्ध ऋणो का प्रावधान घटाने के पष्चात् इसे (बट्टे के प्रावधान को) भी घटाकर दिखायेंगे ।

उदाहरण (Illustration) : 9

एक व्यापारी के तलपट से 31 मार्च 2010 को निम्न सूचनाऐं प्राप्त हुई
(Following informations received from a trial balance of a trader on 31st March, 2010)

देनदार (Debtors)	₹ 3,000
देनदारो पर बट्टा आयोजन (Provision for Discount on Debtors)	30
बट्टा दिया (Discount allowed)	80

देनदारो पर 3% बट्टा आयोजन बनाइये। समायोजन प्रविष्टियां दीजिए एवं अंतिम खातो पर प्रभाव बताइये।
Make 3% Provision for Discount on Debtors Give adjustment entries. Ledger accounts & show them in Final Account.

हल (Solution)

Journal

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.) ₹	Amount (Cr.) ₹
31-03-10	Provision for Discount on Debtors A/c Dr. To Discount A/c (Being discount allowed transfer)		80	80
31-03-10	Profit & Loss A/c Dr. To Provision for Discount on Debtors A/c (Being Balances transferred)		140	140

Discount Allowed Account

Date	Particulars	L.F.	Amount ₹	Date	Particulars	L.F.	Amount ₹
31-03-10	To Debtors		80	31-03-10	By Provision for Discount		80
			80				80

Provision for Discount on Debtors Account

Date	Particulars	L.F.	Amount ₹	Date	Particulars	L.F.	Amount ₹
31-03-10	To Debtors		80	31-03-10	By Balance b/d		30
	To Balance c/d		90	31-03-10	By P & L A/c		140
			170		(Balancing figure)		170

Profit and Loss Account for the year ending 31st March, 2010

Particulars		Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Discount	80			
Add: New Provision for Discount on Drs.	90			
	170			
Less: Old Prov. for Dis.on Drs.	30			
		140		
		140		

Balance as on 31st March, 2010

Liabilites	Amount ₹	Assets		Amount ₹
		Debtors	6000	
		Less: Pro. For Dis on Drs.	90	5910

9. प्रबंधक को पारिश्रमिक (Commission to General Manager)

जो व्यक्ति व्यवसाय का प्रबंध करते हैं उन्हे नियोक्ता द्वारा वेतन के अतिरिक्त शुद्ध लाभों पर भी निश्चित दर से पारिश्रमिक दिया जा सकता है। नियोक्ता द्वारा इस प्रकार का प्रलोभन देने का एक कारण यह भी होता है कि प्रबंधक व्यवसाय की लाभार्जन क्षमता से स्वयं को जुड़ा हुआ महसूस करे तथा लाभार्जन क्षमता बढ़ाने पर ध्यान दे। इस प्रकार पारिश्रमिक की गणना तब तक नही की जा सकती है जब तक कि अंतिम खाते न बनाये जाये। इस समायोजन का प्रभाव ठीक वैसा ही पड़ेगा जैसा कि अदत्त एवं उपार्जित व्यय होता है। इसके लिए निम्नलिखित लेखा प्रविष्टि की जाती है–

Manager Commission A/c Dr.

To Outstanding Manager Commission A/c

(Being commission payable to Manager)

मैनेजर कमीषन का नाम शेष लाभ–हानि खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है तथा बकाया मैनेजर कमीशन का जमा शेष चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाया जाता है। इस कमीशन की गणना दो प्रकार से की जाती है। यदि प्रश्न में भाषा इस तरह की प्रयोग की गई हो जिससे यह स्पष्ट होता है कि लाभ में शुद्ध लाभ तथा स्वंय मैनेजर का कमीशन दोनो भाामिल है अर्थात् भाुद्ध लाभ या कमीशन वसूल करने के बाद के लाभ पर निश्चित दर से कमीशन देना है तो कमीशन की गणना निम्नलिखित प्रकार से की जायेगी–

(कमीशन वसूल करने से पूर्व का लाभ ग कमीशन की दर प्रतिशत में)

कमीशन = ----------

(100 कमीशन की दर प्रतिशत में)

यदि भाषा से यह स्पष्ट हो कि कमीशन लाभ पर ही देना है न कि शुद्ध लाभ की राशि ज्ञात कर उस पर निर्धारित दर से कमीशन दे दिया जायेगा और शेष राशि शुद्ध लाभ होती है। इस दशा में कमीशन की गणना निम्नलिखित प्रकार से होगी –

(कमीशन वसूल करने से पूर्व का लाभ ग कमीशन की दर प्रतिशत में)

कमीशन = ----------

100

उदाहरण (Illustration) : 10

मैनेजर को शुद्ध लाभ (कमीशन घटााने के बाद) पर 10% कमीशन देना है। कमीशन घटाने से पूर्व शुद्ध लाभ 55,000 रू. है। कमीशन के लिए समायोजन प्रविष्टि दीजिये। (A Manager is to be allowed 10% commission on net Profit) (After charging such commission). The net profit before charging commission is Rs.55000. Pass adjustment entry for commission)

हल (Solution):-

Journal Proper

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.) ₹	Amount (Cr.) ₹
End of accounting year	Manager Commission A/c Dr. To Outstanding Manager Comm. A/c (Being Manager commission Outstanding)		5000	5000

उदाहरण (Illustration) : 11

जनरल मैनेजर को 10 प्रतिशत कमीशन शुद्ध लाभ (कमीशन घटाने के बाद) पर दिया जाना है। कमीशन घटाने से पूर्व शुद्ध लाभ 41,140 ₹ है। कमीशन के लिए समायोजन प्रविष्टि दीजिये एवं अंतिम खातो में प्रभाव बताइये। (General Manager is to be allowed 10% commission on net profit after charging such commission). The net profit before charging commissionis ₹ 41,140. Pass adjustment entry and show effect on final account.

Journal Proper

Date	Particulars	LF.	Amount (Dr.) ₹	Amount (Cr.) ₹
End of accounting year	General Manager Commission A/c Dr. To Outstanding Gen.Manager Comm. A/c (Being General Manager commissionOutsanding)		3740	3740

Profit and Loss Account for the year ending……

Date	Particulrs	Amount ₹	Date	Particulars	Amount ₹
	To Gen. Manag. Comm. A/c	3740			

$$\text{कमीशन} = \frac{41,140 \times 10}{110} = \text{Rs. } 3,740$$

Balance Sheet as on ……

Liabilites	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Outstanding General Manager Commission	3740		

यदि इस उदाहरण में केवल यह लिखा होता कि मैनेजर को लाभ पर 10% कमीशन दिया जाना है तो कमीशन की राशि निम्नलिखित होती –

$$\text{कमीशन} = \frac{41,140 \times 10}{100} = \text{Rs. } 4,114$$

10. पूँजी पर ब्याज (Interest on Capital)

लेखा वर्ष के अन्त में व्यापारी व्यापार का लाभ–हानि खाता बनाकर लेखा वर्ष का लाभ ज्ञात करता है। व्यापारी द्वारा व्यापार में पूँजी लगायी जाती है जिसके प्रयोग से लाभ अर्जित होता है। यदि यही पूँजी व्यापारी द्वारा अन्य व्यक्तियो या वित्तीय संस्थाओ से उधार ली जाती तो उस पर ब्याज का भुगतान करना पड़ता। अतः यदि व्यापारी यह भी जानना चाहे कि पूँजी पर ब्याज देना पड़े तो ब्याज का भुगतान करने के पश्चात् कितना लाभ शेष बचता तो वह पूँजी पर ब्याज का समायोजन करता है। पूँजी पर ब्याज व्यापार के लिए व्यय न होकर लाभों का नियोजन है जिसे अंतिम खाते बनाते समय लाभ – हानि नियोजन खाते के नाम पक्ष में दिखाया जाता है और ब्याज की राशि व्यापारी की पूँजी में जोडकर पूँजी को चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाया जाता है। इसके लिए निम्नलिखित लेखा प्रविष्टि की जाती है:–

Interest on Capital A/c Dr.
To Capital A/c
(Being intereset on Capital Charged)

समायोजन सारांष एक नजर में

क्र. स.	समायोजन का नाम	निर्माण एवं व्यपार खाता	लाभ – हानि खाता	चिट्ठा
1	वर्ष के अन्त का रहतिया	कच्चे माल तथा चालू कार्य (WIP) का रहतिया, निर्माण खाते में तथा तैयार माल का रहतिया व्यापार खाते के जमा पक्ष में लिखा जाता है ।		कच्चा माल, चालू कार्य या अर्द्ध निर्मित माल तथा निर्मित माल का रहतिया चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दर्षाया जाता है।
2	बकाया व्यय/ उपार्जित व्यय	जे व्यय निर्माण एवं व्यापार खाते से सम्बंधित है उन्हे इस खाते के नाम पक्ष में सम्बंधित मद की राशि में जोड़कर दिखाते है।	जो व्यय लाभ – हानि खाते से सम्बंधित है उन्हे लाभ – हानि खाते के नाम पक्ष में सम्बंधित मद की राशि में जोड़कर दिखाते है।	बकाया/ उपार्जित व्यय खाते का शेष चिट्ठे के दायित्त्व पक्ष में दिखाया जाता है।
